प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 28.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने आज वडोदरा में सी–2–9–5 सैन्य विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। यह भारत में सैन्य विमानों के लिए निजी क्षेत्र की पहली फाइनल असेंबली लाइन होगी। इस अवसर पर स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को पावरहाउस बनाने की राह पर है और भारतीय कंपनियां तेजी विकसित हो रही हैं। श्री सांचेज ने कहा कि भारत मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने की दिशा में आगे बढ रहा है। कार्यक्म में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत–स्पेन की पार्टनशिप को नई दिशा दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस फैक्ट्री में बने विमान दूसरे देशों में भेजे जाएंगे और सी–295 की फैक्ट्री नए भारत को दर्शाती है। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने हवाईअड्डे से टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स तक रोड शो किया। दोनों नेताओं का स्वागत करने के लिए रोड शो में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के स्वागत के लिए रास्ते में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया। बाद में दोनो देशों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई।

000000

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण–एनडीएमए आज अपना 20वां स्थापना दिवस मना रहा है। नई दिल्ली में होने वाले उद्घाटन समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी उपस्थित रहेंगे। इस वर्ष के स्थापना दिवस का विषय है– व्यवहार परिवर्तन के लिए जागरूकता के माध्यम से आपदा जोखिम को कम करने के लिए समुदायों को सशक्त बनाना'। इस दौरान मुख्य विषय पर केन्द्रित तीन तकनीकी सत्र होंगे। इसके अलावा मार्गदर्शन, मानक संचालन प्रक्रियाओं और विभिन्न आपदा विषयों पर पुस्तकों सहित अनेक दस्तावेज की भी शुरूआत की जायेगी।

0000

इस साल सेना कमांडरों के सम्मेलन का दूसरा चरण आज दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। पहला सम्मेलन अप्रैल में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था, जबकि दूसरा सम्मेलन हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सम्मेलन के दूसरे चरण में उभरते भू–राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा होगी, जिसके बाद परिचालन संबंधी मामलों पर मंथन होगा। सम्मेलन के दौरान, विभिन्न बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठकों में कल्याणकारी उपायों के साथ–साथ सेवारत सैनिकों, दिग्गजों और उनके परिवारों की वित्तीय सुरक्षा के लिए योजनाओं पर विचार–विमर्श किया जाएगा।

0000

झालावाड़ के झालरापाटन स्थित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में आज आरक्षी दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। दीक्षांत समारोह में नव आरक्षी 234 पुलिस कर्मियों ने पास आउट परेड निकाली और सलामी दी। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों को शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर कोटा रेंज के आई जी रवि दत्त गौड़ ने पुलिस कर्मियों से शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत रहने और अनुशासन में रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम मे नव प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों ने हैरत अंगेज कारनामे और व्यायाम प्रदर्शन भी किये।

0000

कार्तिक मास की एकादशी पर आज प्रदेशभर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्मों का आयोजन हो रहा है। पुष्कर में सुबह से ही बडी संख्या में श्रद्धालु धार्मिक स्नान कर रहे हैं। वहां ब्रम्हा मंदिर में भी दर्शनों के लिए भक्तो की कतारें देखी जा रही है। शाम को बद्री घाट पर महा आरती रखी गई है। इधर राजधानी जयपुर के गलता तीर्थ में भी तडके से ही श्रद्धालु पवित्र सरोवर में आस्था की डुबकी लगा रहे है। बीकानेर के कोलायत और डूंगरपुर के बेणेश्वर में भी बडी संख्या में भक्तों के स्नान का सिलसिल बना रहा।

00000

दीपावली का त्यौहार नजदीक आने के साथ ही प्रदेशभर में रौनक बढ गई है। जयपुर के बाजारों में होने वाली सजावट और आकर्षक रोशनी की तैयारियां पूरी कर ली गई है। कल कई व्यापार मंडलों की ओर से बाजारों में रोशनी का पूर्व परीक्षण किया गया। वहीं अधिकांश बाजारों में आज से रोशनी शुरू हो जायेगी। पाली में दीपोत्सव के हर्षोल्लास में जिला ओलम्पिक संघ भी शामिल हुआ है। खिलाडियों द्वारा बेसबॉल किट से मैदान सजाया गया और दीपक प्रज्वलित किये गये हैं।

00000